# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक– 12.08.2025

- **USA व RUSSIA के ब्रॉन्डेड हेल्थ सप्लिमेन्ट को फर्जी तरीके से तैयार कर बाजार में बेचने व लोगो की सेहत से खिलवाड करने वाले 02 अभियुक्तों को थाना खालापार पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार–**

दिनांक 12.08.2025 को प्र0नि0 श्री महावीर सिंह थाना खालापार मय हमराहीगण द्वारा USA व RUSSIA के ब्रॉन्डेड हेल्थ सप्लिमेन्ट को फर्जी तरीके से तैयार कर बाजार में बेचने व लोगो की सेहत से खिलवाड करने वाले 02 अभियुक्तगण 1. आसिफ सैफी पुत्र शमशेर सैफी व 2. जावेद पुत्र शमशेर सैफी निवासीगण किदवईनगर थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर स्थायी पता हरसौलिया पट्टी पुरबालियान थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को मौहल्ला किदवईनगर सरईया मदरसों वाली गली में बनी फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से नकली हेल्थ सप्लिमेन्ट(प्रोटीन, ओमेगा, क्रेटीन, कैप्सूल्स आदि) व भारी मात्रा में कच्चा माल, स्टीकर, रैपर आदि बरामद किये गये जिन पर मेड इन रसिया, यूके व जापान अंकित हैं। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 146/25 धारा 318(4),336(3),340(2),274,275 बीएनएस व 60,63 कापीराईट एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 03 शातिर गौकश अभियुक्त गिरफ्तार(02 घायल सहित)–**

दिनांक 12.08.2025 को प्र0नि0 थाना बुढ़ाना श्री आनन्द देव मिश्र मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. मूसा पुत्र जमरूद निवासी ग्राम जौला थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर 2. रहीश पुत्र मौ0 उमर निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी कस्बा व थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर व 3. नौशाद पत्र सगीर निवासी सम्भलहेड़ा थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर हाल पता कस्बा व थाना सरधना जनपद मेरठ को बुढाना–कांधला मार्ग पर एचपी गैस गौदाम से जाने वाले रास्ते पर राहिल क्रिकेट ग्राउण्ड के पास ईख के खेत से घायल/गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 रास गौवंश, गौकशी के उपकरण व 03 तमंचे मय 04 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु.अ.सं. धारा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 11.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री शशि कपूर मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 578/11/24 धारा 128 सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त सचिन पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम होशियारपुर मजरा बधाई खुर्द थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 12.08.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजेश शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 206/21 धारा 3/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त गुरमीत उर्फ लाखन पुत्र साधुराम निवासी ग्राम महाबलीपुर थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना तितावी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 12.08.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1820/9/19 धारा 279,338 भादवि में वारण्टी अभियुक्त 1. नवीन कुमार पुत्र श्रीचन्द निवासी ग्राम लालूखेडी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर व वाद संख्या 2464/9/17 धारा 323,324 भादवि में वारण्टी अभियुक्त 2. नकली पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम खेडी दूधाधारी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 12.08.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 230/2025 धारा 65(1),123,115(2),352 बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त नईम पुत्र अल्ला नूर उर्फ डोला निवासी ग्राम कसेरवा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को कसेरवा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार–**
  दिनांक 12.08.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री विक्रान्त कुमार मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त अर्जुन पुत्र पूरन सिंह निवासी मोहल्ला कमल नगर कूकडा थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को लोहे के पुल से बुआडा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 821 ग्राम गांजा बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 309/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार</u>**–

  दिनांक 12.08.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजकुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 4859/9/18 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त आजाद पुत्र खजान निवासी ग्राम धमात थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार</u>**–

  दिनांक 12.08.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र सिंह नागर मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1869/9/12 धारा 452,323,504 भादवि में वारण्टी अभियुक्त विकसित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम फलौदा थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।